# अव्यय

## अव्यय - अर्थ एवं प्रयोग

'अ' + 'व्यय'

अर्थात, जिसका व्यय न हो। अन्य शब्दों में कहें तो वे शब्द जिनमें परिवर्तन (व्यय) नहीं होता, अव्यय कहलाते हैं।

**जैसे: अत्र, तत्र, अद्य, श्व** आदि अव्यय हैं।

**(1) तर्हि**

तर्हि का अर्थ होता है, **'तो, इसलिए'**।

तर्हि सर्वं दायित्वं भवत: एव।

इसलिए अब आपकी हीं सारी ज़िम्मेदारी है।

तर्हि पानकं आनयामि।

तो मैं जूस लाता हूँ।

**(2) यावत्–तावत्**

यावत्–तावत् का अर्थ होता है, **'जैसे ही, वैसे ही'**।**(ज्योंहि-त्योंहि)**

यावत् आवश्यकं तावत कुरु।

जैसा आवश्यक हो वैसा करो।

यावत पाठशालां गतवान तावन् घण्टा ताडिता।

जैसे ही घण्टी बजी वैसे ही मैं स्कूल पँहुच गया।

**(3) यद्यपि**

यद्यपि का अर्थ होता है, **'फिर भी'**।

यद्यपि स: दरिद्र: अस्ति।

फिर भी वह ग़रीब है।

यद्यपि स: तत्र गतवान्।

फिर भी वह वहाँ गया।

**(4) तथापि**

तथापि का अर्थ होता है, **'तो भी'** या**'फिर भी'**।

तथापि नूतनं इन प्रतिभाति।

फिर भी यह नया लगता है।

अहं दशवारं पठितवान, तथापि न स्मरामि।

मैंने इसे दस बार पढ़ा, फिर भी याद नहीं हुआ।

**(5) प्राय:**

प्राय: का अर्थ होता है, **'अधिकतर'** या**'अक्सर'**।

प्राय: सज्जना: मिथ्यां न वदन्ति।

अधिकतर सज्जन व्यर्थ नहीं बोलते।

प्राय: स: देवालयम् गच्छति।

वह अक्सर मंदिर जाता है।

**(6) परन्तु**

परन्तु का अर्थ होता है, **'लेकिन'**।

आवश्यकं आसीत्, परन्तु भवान् मूल्यं अधिकं वदति।

मुझे ये चाहिए लेकिन आपने बहुत अधिक मूल्य बता दिया।

स: ज्ञानवान अस्ति परन्तु वाचाल: अपि अस्ति।

वह ज्ञानी तो है, परन्तु वाचाल भी है।

**(7) सहसा**

सहसा का अर्थ होता है, '**अचानक**'।

सहसा विदधीत न क्रियाम्।

बिना विचारे कुछ नहीं करना चाहिए।

अहं विद्यालयं गच्छामि स्म सहसा । सहसा मार्गे अध्यापक: अगच्छत्।

मैं विद्यालय जा रहा था, अचानक रास्ते में अध्यापक आ गया।

**(8) दूरम्**

दूरम् का अर्थ होता है, '**दूर**'।

मम विद्यालय दूरम् अस्ति।

मेरा विद्यालय दूर है।

अस्माकं आपणं ग्रामात् दूरम् अस्ति।

हमारा बाज़ार गाँव से दूर है।

**(9) निकटे**

निकटे का अर्थ होता है, **'पास में/समीप में'**।

मम विद्यालय: निकटे अस्ति।

मेरा विद्यालय पास में है।

अस्माकं आपणं ग्रामात् निकटे अस्ति।

हमारा बाज़ार गाँव के पास है।

**(10) मिथ्या**

मिथ्या का अर्थ होता है, **'झूठ'**।

जगत् मिथ्या सत्यं ब्रहम।

संसार व्यर्थ है, एकमात्र ब्रहम ही सत्य है।

त्वं सदा मिथ्या वाक्यानि वदसि।

तुम हमेशा व्यर्थ बातें करते हो।

**(11) क्रमश: क्रम से**

क्रमश: का अर्थ होता है, **'लगातार** अथवा **क्रमवार'**।

कक्षायाम् क्रमश: छात्रा: पठन्ति।

कक्षा में छात्र क्रम से पढतें हैं।

अहं क्रमशं स्व कार्य करोमि।

मैं क्रमवार अपना कार्य करता हूँ।

**(12) अग्रे**

अग्रे का अर्थ होता है, **'आगे'**।

अग्रे गच्छतु।

आगे जाओ।

स: अग्रे किं कुर्यात्?

उसने आगे क्या किया?

**(13) अग्रत:**

अग्रत: का अर्थ होता है, **'से पहले'**।

स: मम अग्रत: अस्ति।

वह मुझसे पहले है।

अग्रत: गत्वा स: रामं पश्यति स्म।

आगे जाकर उसने राम को देखा।